अब तो सुन ले कि आ गया,
दर पे तुम्हारे,
ओ श्याम बाबा श्याम प्यारे,
अब कर दे करम,
हारे के सहारे,
ओ मैं भी आया हूं देखो,
झोली पसारे,
ओ श्याम बाबा श्याम प्यारे।।

तर्ज तू भी आजा कि आ गई।

सहनी है कब तक यूं,
जग की भी बातें,
कटते ना दिन अब ये,
कटती ना रातें,
ओ जीना मुश्किल हुआ यहां,
ना तू विचारे,
ओ श्याम बाबा श्याम प्यारे।।

किसको सुनाऊं अब मैं,
अपनी कहानी,
दर पे है तेरे मेरी,
आंखों में पानी,
ओ जालान गर्दिश में आज,
तुमको पुकारे,

ओ श्याम बाबा श्याम प्यारे।।

अब तो सुन ले कि आ गया,
दर पे तुम्हारे,
ओ श्याम बाबा श्याम प्यारे,
अब कर दे करम,
हारे के सहारे,
ओ मैं भी आया हूं देखो,
झोली पसारे,
ओ श्याम बाबा श्याम प्यारे।।

गायक प्रवीण कुमार पिंटू
लेखक पवन जालान जी।
9416059499 भिवानी (हरियाणा)

Source: https://www.bharattemples.com/ab-to-sun-le-ki-aa-gaya-dar-pe-tumhare/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw